दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA
न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg.No.MH180326353

# पदमावत मीडिया

• डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र एवं राजस्थान से प्रकाशित •

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

• न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे •

• वर्ष : 13 • डिजिटल अंक : 24 • मुंबई, शनिवार, 19 सितंबर, 2026 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • कुल पृष्ठ : 04 • मूल्य : 0.00 • निःशुल्क

# राजमाता विजयराज कुमारी मेवाड़ को श्रद्धांजलि सभा में दी भावभीनी श्रद्धांजलि

## राजमहल में आमजन, समाजजनों और विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** दिवंगत उदयपुर राजमाता विजयराज कुमारी मेवाड़ के देवलोक गमन पर उदयपुर राजमहल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। दोपहर 2 से 3 बजे तक आयोजित सभा में आमजन, समाजजनों और विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर राजमाता साहिबा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थितजनों ने राजमाता का स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा श्रीजी हुजूर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ और मेवाड़ राजपरिवार से भेंट कर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।



श्रद्धांजलि सभा में राजस्थान विधानसभा के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत जैतारण, फोर्स मोटर्स के प्रबंध निदेशक प्रसन फिरोदिया, डूंगरपुर महारावल हर्षवर्धन सिंह, पूर्व उदयपुर सांसद रघुवीर सिंह मीणा, उदयपुर संभागीय आयुक्त खजानसिंह, उदयपुर के पूर्व जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा, आबकारी विभाग के आयुक्त नमित मेहता, पूर्व सीएमएचओ डॉ. दिनेश खराड़ी तथा जनजातीय क्षेत्र विकास विभाग, उदयपुर के अतिरिक्त आयुक्त महावीर खराड़ी उपस्थित रहे।










### धार्मिक और सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने भी दी श्रद्धांजलि

सभा में किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर ईश्वरी नंद गिरी, बड़ा रामद्वारा से राम स्नेही महाराज, मेवाड़ के विभिन्न मंदिरों के मठाधीश, पीठाधीश और पुजारीगण भी उपस्थित रहे। मेवाड़ क्षत्रिय महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष बालू सिंह कानावत भी पदाधिकारियों के साथ सभा में शामिल हुए। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए मेवाड़ राजपरिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। उपस्थितजनों ने राजमाता विजयराज कुमारी मेवाड़ के सामाजिक, धार्मिक और जनसेवा से जुड़े योगदान को स्मरण किया। उन्होंने मेवाड़ राजपरिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने के लिए धैर्य और संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान राजमहल में श्रद्धा, शोक और आत्मीय स्मृतियों से ओतप्रोत भावपूर्ण वातावरण बना रहा।

## खबर संक्षेप

### ईपीएफओ की बढ़ी वेतन सीमा, 51 लाख नए कर्मचारी होंगे लाभान्वित

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के दायरे को बढ़ाते हुए मासिक वेतन सीमा 15 हजार से बढ़ाकर 25




हजार रुपए कर दी गई है। संशोधित सीमा 17 सितंबर 2026 से प्रभावी हो गई। इससे 15 हजार से 25 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन पाने वाले 51 लाख से अधिक अतिरिक्त कर्मचारी भविष्य निधि, पेंशन और बीमा जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे में आ सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 16 सितंबर को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। वर्ष 2014 के बाद पहली बार वेतन सीमा में बढ़ोतरी की गई है। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, कोटा ने नियोक्ताओं को संशोधित प्रावधानों के अनुसार 17 सितंबर से इलेक्ट्रॉनिक चालान-कम-रिटर्न दाखिल करने और ईपीएफओ नियमों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### वैज्ञानिक सोच से विकसित राष्ट्र बनेगा भारत: अखिलेश

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** विज्ञान समिति एवं डॉ. डीएस कोठारी संस्थान की ओर से 59वां अभियंता दिवस समारोह



आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि हिंदुस्तान जिंक के पूर्व सीईओ इंजीनियर अखिलेश जोशी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करना और बच्चों की विज्ञान के प्रति मानसिकता में बदलाव लाना आवश्यक है। मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता डॉ. केएल तोतावत ने की। संस्था गीत के बाद इंजीनियर एमपी जैन ने अभियंता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता इंजीनियर आर. चतुर ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के प्रत्येक क्षेत्र में अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और उनके योगदान को देश में सम्मान मिला है। समारोह में विज्ञान समिति से जुड़े 32 अभियंताओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ. केएल कोठारी, एससीके वैद, अनिल गोधा, राजेंद्र खोखावत, विमल शर्मा, बीएल खमेसरा, आरके चतुर, महावीर प्रसाद जैन, अखिलेश जोशी, अशोक जैन, अरुण कोठारी, यशवंत बोलिया, सुभाष मेहता सहित समिति के पदाधिकारी और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### नशा मुक्ति भारत अभियान को लेकर मुख्य सचिव ने ली वर्चुअल बैठक

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** नशा मुक्ति भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्ट्रेट सभागार से जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद पी.पी. सहित संबंधित विभागों के अधिकारी बैठक में शामिल हुए। मुख्य सचिव ने नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमांड रिडक्शन के तहत नशे के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों को आपसी समन्वय से नशा मुक्ति और नशे की मांग में कमी लाने के लिए प्रभावी गतिविधियां संचालित करने पर जोर दिया। जिला कलेक्टर ने सभी विभागों को सक्रिय भागीदारी के साथ विभागवार कार्ययोजना तैयार कर अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रात्रि चौपाल, जनजागरूकता कार्यक्रम, विद्यालयों और महाविद्यालयों में गतिविधियां आयोजित करने तथा युवाओं एवं विद्यार्थियों को अभियान से जोड़कर नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया।

## हाथीपोल थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अस्पताल परिसर से चोरी स्कूटी बरामद, मुख्य आरोपी सहित तीन गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले के हाथीपोल थाना पुलिस ने अस्पताल परिसर से चोरी हुई स्कूटी बरामद करते हुए मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ के बाद चोरी की स्कूटी गुजरात के धानसुरा के पास जंगल से बरामद की। जांच में सामने आया कि आरोपी चोरी किए गए छोटे दोपहिया वाहनों का उपयोग गुजरात में शराब तस्करी के दौरान बड़े वाहनों की एस्कॉर्टिंग के लिए करते थे।

पुलिस के अनुसार 12 जुलाई 2026 को प्रार्थिया अपनी नौकरी के लिए एमबीजीएच अस्पताल में ज्यूपिटर स्कूटी क्रमांक आरजे 27 एलबी 6146 लेकर आई थी। स्कूटी को अस्पताल के गेट के पास खड़ा कर वह ड्यूटी के लिए अंदर चली गई। शाम को वापस आने पर स्कूटी वहां नहीं मिली। रिपोर्ट पर हाथीपोल थाने में प्रकरण संख्या 114/2026, धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा एवं वृत्ताधिकारी वृत्त पश्चिम राजेश यादव के पर्यवेक्षण में हाथीपोल थानाधिकारी




राजूदेवी राज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आसूचना और तकनीकी सहायता से संदिग्ध करण सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में करण सिंह ने स्कूटी को डुप्लीकेट चाबी से चोरी कर धानसुरा, गुजरात निवासी अपने साथी राहुल भाई को बेचने की बात बताई।

राहुल भाई के संबंध में जानकारी प्राप्त करने पर वह अन्य प्रकरण में गिरफ्तार होकर साबरमती जेल में बंद मिला। पुलिस टीम ने प्रोडक्शन वारंट के माध्यम से राहुल भाई को साबरमती जेल से प्राप्त कर पूछताछ की। राहुल ने चोरी की स्कूटी अपने साथी विजय भाई को बेचने की बात बताई। इसके बाद विजय भाई के विरुद्ध प्रोडक्शन वारंट जारी कर उसे साबरमती जेल से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में विजय भाई ने चोरी की स्कूटी धानसुरा के पास जंगल में छिपाकर रखना बताया। पुलिस टीम ने उसकी निशानदेही पर जंगल से चोरी की स्कूटी बरामद कर ली।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान करण सिंह पुत्र राम सिंह चौहान, उम्र 31 वर्ष, निवासी 21 समाज कल्याण हॉस्टल, गोपी नगर, भाईवाड़ा, खेमपुरा, थाना प्रतापनगर, वर्तमान निवासी जी-3 अटल कॉम्प्लेक्स, ओम बन्ना के पास, दक्षिणी विस्तार, थाना गोवर्धन विलास, जिला उदयपुर; राहुल कुमार वालंद पुत्र दाजी भाई वालंद, निवासी धानसुरा पुलिस थाना धानसुरा, जिला अरावली, गुजरात तथा विजय भाई देसाई पुत्र रघुनाथ भाई देसाई, उम्र 24 वर्ष, निवासी जामठा, तहसील धानसुरा, पुलिस थाना धानसुरा, जिला अरावली, गुजरात के रूप में हुई है।

पुलिस जांच में सामने आया कि राहुल कुमार वालंद और विजय भाई देसाई के विरुद्ध शराब तस्करी सहित अन्य गंभीर प्रकरण दर्ज हैं। राहुल के विरुद्ध हत्या, अपहरण, मारपीट तथा गुजरात कंट्रोल ऑफ टेररिज्म एंड ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। वहीं विजय भाई के विरुद्ध गुजरात निषेध अधिनियम, संगठित अपराध और शराब तस्करी से जुड़े प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह के सदस्य चोरी किए गए छोटे दोपहिया वाहनों का उपयोग गुजरात में शराब तस्करी के दौरान बड़े वाहनों की एस्कॉर्टिंग के लिए करते थे। प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

इस कार्रवाई में हाथीपोल थानाधिकारी राजूदेवी राज, सहायक उप निरीक्षक शंभू सिंह एवं हिम्मतनाथ, हेड कांस्टेबल हेमेंद्र सिंह तथा कांस्टेबल कैलाश, शैलेश, वीरेंद्र कुमार एवं राहुल शामिल रहे।

## सुखेर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अवैध पिस्तौल, मैगजीन और जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले के सुखेर थाना क्षेत्र में अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सुखेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध पिस्तौल, मैगजीन और जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हथियार बरामद कर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस




अधीक्षक शहर उमेश ओझा एवं पुलिस उपाधीक्षक वृत्त नगर पश्चिम राजेश यादव के पर्यवेक्षण में कार्रवाई की गई। जिला विशेष टीम प्रभारी भारत योगी और सुखेर थानाधिकारी अमर सिंह को मुखबिर तंत्र से सूचना मिली कि अमरख महादेव मंदिर जाने वाले रास्ते के किनारे एक व्यक्ति बिना नंबर की वैगनआर कार में बैठा है, जिसके पास अवैध देशी पिस्तौल है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर वीरेंद्र सिंह पुत्र नरपतसिंह चौहान, निवासी बस्ती चंदनसिंह, थाना लोहारिया, जिला बांसवाड़ा को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक पिस्तौल मय मैगजीन तथा एक जिंदा राउंड बरामद किया गया। पुलिस ने हथियार जब्त कर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से पुलिस हिरासत रिमांड प्राप्त किया गया। आरोपी से बरामद हथियार के संबंध में अग्रिम पूछताछ जारी है।

## कोटड़ा में करोड़ों के विकास कार्यों और जनजाति छात्रावास का भूमि पूजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** पंचायत समिति कोटड़ा के बांखेल-मांडवा क्षेत्र में कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने शुक्रवार को विभिन्न विकास कार्यों और जनजाति बालक छात्रावास का भूमि पूजन किया। ग्राम पंचायत मांडवा में बनने वाले छात्रावास पर 2.36 करोड़ रुपए खर्च होंगे। मंत्री ने छात्रावास में उपलब्ध कराई जाने वाली आधुनिक सुविधाओं की जानकारी देते हुए जनजाति क्षेत्र में शिक्षा और विकास को प्राथमिकता बताया। क्षेत्र में सड़क, रपट, सीसी रोड, कक्षा-कक्ष, खेल मैदान, पनघट, सामुदायिक भवन, स्वास्थ्य केंद्र और दीवार निर्माण सहित कई कार्यों की सौगात मिली।



इनमें टिल्लरवा में 25 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन, खापा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के विकास एवं अन्य कार्यों के लिए 20 लाख रुपए तथा विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए 5 से 10 लाख रुपए के कार्य शामिल हैं।

## जयसमंद में मत्स्य पालकों के लिए एक्वा रीच कार्यक्रम आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान मैनेज, हैदराबाद और राजस्थान सरकार के मत्स्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जयसमंद में मत्स्य पालकों के लिए एक्वा रीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जयसमंद और डाया बांध की मत्स्य उत्पादक सहकारी समितियों के 62 सदस्यों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य मत्स्य पालकों को विभागीय योजनाओं, अनुदान और तकनीकी जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाना था।

कार्यक्रम में मत्स्य विभाग की उप निदेशक डॉ. दीपिका पालीवाल ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा आयोजन के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने जयसमंद में शून्य राजस्व मॉडल के तहत आदिवासी मछुआरों द्वारा किए जा रहे मत्स्याखेट कार्यों का विवरण भी प्रस्तुत किया। संयुक्त निदेशक डॉ. अनिल कुमार जोशी ने मत्स्य पालन से संबंधित योजनाओं और उनके तहत मिलने वाले अनुदान व सहायता की जानकारी दी। मैनेज, हैदराबाद के कार्यक्रम समन्वयक महिपाल सिंह ने संस्थान की




गतिविधियों से अवगत कराया। पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ. अकील अहमद ने मत्स्य सहकारी समितियों के समक्ष आ रही समस्याओं और उनके संभावित समाधान पर चर्चा की। उन्होंने समितियों का नियमित ऑडिट कराने, साधारण सभा की बैठकें आयोजित करने तथा समय पर चुनाव कराने के लिए सहकारिता विभाग से समन्वय का आह्वान किया। साथ ही समिति सदस्यों को नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण कराने का सुझाव दिया। सहायक मत्स्य विकास अधिकारी सज्जन सिंह ने समिति गठन की प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। डाया फिश फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन, पाटण और सराड़ी सहकारी समिति के प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कार्यक्रम को उपयोगी बताया। उप निदेशक डॉ. दीपिका पालीवाल ने आभार व्यक्त किया।

## वीएमओयू कोटा में आयोजन मंडल की 20वीं बैठक सम्पन्न, चार शोध पीठों के भवन बनेंगे

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**कोटा।** वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय में कुलगुरु प्रो. बीएल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजन मंडल की 20वीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं शोध विस्तार से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। चार शोध पीठों के लिए भवन निर्माण के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। इनमें राजस्थानी भाषा अध्ययन केंद्र, बिरसा मुंडा जनजातीय शोधपीठ, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ और संत तुकाराम महाराज शोधपीठ शामिल हैं।

कुलगुरु ने बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के भवन के प्रथम तल पर चारों शोध पीठों के लिए आवश्यक कक्षों का निर्माण और आवंटन किया जाएगा। इसके अलावा अति विशिष्ट व्यक्तियों के लिए भवन, मानविकी एवं समाज विज्ञान विद्यापीठ भवन तथा ट्रांजिट हॉस्टल निर्माण के प्रस्ताव भी शामिल हैं। प्रस्तावित भवनों के निर्माण पर आरएसआरडीसी ने करीब 16



करोड़ 70 लाख रुपये के खर्च का आकलन किया है। राज्य सरकार से स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

प्रो. बीएल वर्मा ने कहा कि शोध पीठों के लिए समर्पित भवन उपलब्ध होने से शोधार्थियों और शिक्षकों को बेहतर अकादमिक वातावरण मिलेगा। इन केंद्रों के माध्यम से राजस्थान की भाषा-संस्कृति, जनजातीय अध्ययन, भारतीय ज्ञान परंपरा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर शोध को संस्थागत आधार मिलेगा। बैठक में ताराचंद गोयल, प्रो. नीति अग्रवाल, प्रो. बी. अरुण कुमार, प्रो. नीलेश मोदी, प्रो. क्षमा चौधरी, कुलसचिव अनुराग भार्गव और संपदा अधिकारी नवीन तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## जयपुर नगर निगम अध्यक्ष पद के निर्वाचन की लोक सूचना जारी

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** नगर निगम जयपुर के अध्यक्ष पद के निर्वाचन की लोक सूचना जारी कर दी गई है। पद सामान्य श्रेणी का है। अभ्यर्थी या उनके प्रस्तावक 19 सितंबर को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक नगर निगम मुख्यालय लालकोठी स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में नामांकन-पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। नामांकन-पत्रों की संवीक्षा 21 सितंबर को तथा अभ्यर्थिता वापस लेने की प्रक्रिया 22 सितंबर को होगी। निर्वाचन की स्थिति में 25 सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान कराया जाएगा। 18 सितंबर को अध्यक्ष पद के लिए किसी भी अभ्यर्थी ने नामांकन-पत्र प्रस्तुत नहीं किया।

## जन सेवा अभियान को लेकर बैठक

**बांसवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** विकसित भारत जन सेवा अभियान के सफल आयोजन को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अभियान की गतिविधियों की नियमित निगरानी, विभागीय समन्वय तथा कार्यक्रमों की जानकारी, फोटो एवं वीडियो पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। बैठक में 19 से 25 सितंबर तक पंचायत समिति मुख्यालयों पर आयोजित होने वाले सेवा सेतु शिविरों की तैयारियों पर चर्चा हुई। शिविरों में विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित कार्य, राजस्व प्रकरणों का निस्तारण तथा जाति, मूल निवास और फार्मर रजिस्ट्री सहित प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई एवं सीएमओ/पीजी पोर्टल के लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण कर शिकायतों में कमी लाने के निर्देश भी दिए।

# फतहसागर पाल पर मेवाड़ की प्रसिद्ध गवरी नृत्य नाटिका का मंचन

## जनजातीय गवरी दल ने दिनभर प्रस्तुत किए पारंपरिक प्रसंग; पर्यटकों और शहरवासियों ने श्रद्धाभाव से लिया आनंद

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की वार्षिक कार्य योजना 2026-27 के तहत स्वीकृत कार्यक्रम के अंतर्गत जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार के तत्वावधान में माणिक्य लाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा मेवाड़ अंचल की प्रसिद्ध पारंपरिक लोकनृत्य नाटिका गवरी का मंचन कराया जा रहा है। इसी क्रम में 18 सितंबर को फतहसागर पाल पर बड़गांव ब्लॉक के ब्राह्मणों का बरड़ा गांव के जनजाति गवरी दल ने पारंपरिक गवरी नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम में पर्यटकों और शहरवासियों ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ भाग लिया। गवरी भील जनजाति की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ा लोकनाट्य है, जो मां पार्वती के गौरज्या स्वरूप के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि मां पार्वती सवा महीने के लिए अपने मायके मेवाड़



आती हैं। भील समाज विभिन्न खेलों, प्रसंगों और नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से उनका सत्कार एवं मनोरंजन करता है। गवरी का मुख्य कथानक भगवान शिव और भस्मासुर की पौराणिक कथा पर आधारित है। इसमें राया को भगवान शिव और बुड़िया को भस्मासुर का प्रतीक माना जाता है।

### पूजा–अर्चना के साथ हुआ गवरी का शुभारंभ

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी एवं टीआरआई निदेशक ओम प्रकाश जैन ने विधिवत पूजा-अर्चना कर गवरी का शुभारंभ किया। इस दौरान गवरी दल के प्रमुख पात्र बुड़िया, राई, कुटकुडिया, भोपाजी तथा अन्य कलाकारों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। गवरी दल के लगभग 40 से 50 सदस्यों ने पूरे दिन गवरी की विभिन्न घाई और लघु नाटिकाओं का प्रदर्शन किया। गवरी नृत्य नाटिका की संपूर्ण गाथा भगवान लाल कच्छावा ने प्रस्तुत की और दर्शकों को इसकी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विशेषताओं से अवगत कराया।

### 40 दिनों तक कठिन अनुशासन का पालन करते हैं कलाकार

गवरी नृत्य अनुष्ठान के दौरान कलाकार लगभग 40 दिनों तक विशेष अनुशासन का पालन करते हैं। इस अवधि में कलाकार घर नहीं जाते, नंगे पांव चलते हैं, जमीन पर सोते हैं और दिन में केवल एक बार सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं। हरी सब्जी, प्याज, लहसुन, मांस और मदिरा का सेवन पूरी तरह वर्जित रहता है। गवरी की एक विशेषता यह भी है कि इसमें महिला पात्रों की भूमिका भी पुरुष कलाकारों द्वारा निभाई जाती है। गड़ावण यानी प्रतिमा स्थापना से लेकर वलावण यानी विसर्जन तक गवरी अनुष्ठान की कुल अवधि 40 दिवस रहती है।

### अन्य स्थानों पर भी होंगे गवरी के मंचन

टीआरआई निदेशक ओम प्रकाश जैन ने बताया कि सितंबर 2026 में उदयपुर के सहेलियों की बाड़ी, फतहसागर पाल, भारतीय लोककला मंडल और शिल्पग्राम में गवरी मंचन कराया जा रहा है। भारतीय लोककला मंडल में 24 और 25 सितंबर तथा शिल्पग्राम में 29 और 30 सितंबर को गवरी नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जाएगी। इसके अलावा 24 सितंबर को कुंभलगढ़, राजसमंद में भी गवरी का मंचन होगा। कार्यक्रम में टीआरआई के निदेशक सांख्यिकी जिनेन्द्र जैन, व्याख्याता हर्षवदन सिंह सोलंकी, तनेराज सिंह सोढ़ा तथा सांस्कृतिक सलाहकार रमेश असोड़ा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## खबर संक्षेप

### राजस्थान के टेक्सटाइल क्षेत्र को वैश्विक बाजार से जोड़ने पर चर्चा

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** उद्योग भवन में अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग एवं वाणिज्य शिखर अग्रवाल की अध्यक्षता में टेक्सटाइल




एवं अपैरल क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों और औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ राउंड टेबल चर्चा हुई। इसमें निर्यात बढ़ाने, उद्योग की समस्याओं के समाधान, कच्चे माल के आयात में कमी तथा राज्य में उत्पादन और मूल्य संवर्धन बढ़ाने पर विचार किया गया। बैठक में नए निवेश, ब्रांडिंग, बाजार विस्तार, नवाचार और वैश्विक मांग के अनुरूप उत्पाद विकसित करने पर सुझाव दिए गए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य के कुल वस्तु निर्यात में टेक्सटाइल एवं रेडीमेड गारमेंट्स की हिस्सेदारी करीब 12.9 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि सरकार की टेक्सटाइल एवं अपैरल नीति-2025 सहित विभिन्न नीतियों के माध्यम से उद्योगों को सहयोग दिया जा रहा है। टेक्सटाइल टास्क फोर्स के जरिए प्राप्त सुझावों को नीति एवं कार्यक्रमों में शामिल करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### एलआईसी निवेश धोखाधड़ी मामले में रिलायंस कैपिटल के खिलाफ सीबीआई केस

**दिल्ली @ पदमावत मीडिया।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने एलआईसी की शिकायत पर रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मामले में कंपनी के पूर्व




अध्यक्ष अनिल डी. अंबानी, समूह के प्रबंध निदेशक सतीश सेठ, अज्ञात लोक सेवकों और अन्य व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है। शिकायत के अनुसार एलआईसी ने वर्ष 2012 से 2018 के बीच रिलायंस कैपिटल के पांच गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्रों में 3,900 करोड़ रुपए निवेश किए थे। आरोप है कि गलत तथ्यों के आधार पर निवेश करवाकर राशि को दूसरी जगह स्थानांतरित किया गया, जिससे एलआईसी को 2,684.57 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। सीबीआई निवेश राशि के उपयोग, स्थानांतरण और संबंधित व्यक्तियों की भूमिका की जांच कर रही है।

### चांगथांग में पुलिस की नंबदारों के साथ बैठक

**चांगथांग/लद्दाख @ पदमावत मीडिया।** जिला पुलिस चांगथांग ने दुरबुक ब्लॉक के सभी नंबदारों के साथ सामुदायिक बैठक



आयोजित की। बैठक में पूर्व पार्षद कोंचोक स्टैनजिन, ताशी याकजी तथा ललॉक बौद्ध एसोसिएशन के युवा अध्यक्ष थिनलेस आंगचुक भी उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीणों की छोटी समस्याओं पर चर्चा कर कई मामलों का मौके पर समाधान किया गया। बैठक में कैलोन चुमिक और 120 गलवान क्षेत्र में जाने वाले स्थानीय तीर्थयात्रियों को सेना की ओर से हाल में रोके जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। पुलिस ने मामले को सेना के संबंधित उच्च अधिकारियों के समक्ष रखने का निर्णय लिया। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई और लोगों ने पुलिस के सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम की सराहना की।

### उदयपुर जिले के निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी तय

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** नगरीय निकाय चुनाव-2026 में अध्यक्ष पद के लिए नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई। भीण्डर में चार तथा फतहनगर-सनवाड़ और वल्लभनगर में दो-दो प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए। अब उदयपुर नगर निगम सहित जिले के सभी निकायों में अध्यक्ष पद के लिए दो-दो प्रत्याशी मैदान में हैं। उदयपुर नगर निगम में भाजपा से पारस सिंघवी और कांग्रेस से डॉ. पूनम कुंवर चुनाव लड़ेंगी। भीण्डर में भाजपा से मीना और कांग्रेस से सुंदरलाल, वल्लभनगर में कांग्रेस से रामी और भाजपा से सोवनी तथा फतहनगर-सनवाड़ में कांग्रेस से सोसर और निर्दलीय ममता के बीच मुकाबला होगा। मावली और कानोड़ में भी दो-दो प्रत्याशी शेष हैं। मतदान 21 सितंबर को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक होगा और इसके बाद मतगणना की जाएगी। उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन 22 सितंबर को होगा।

---

## प्रतापगढ़ में डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी कम्पोस्ट प्रशिक्षण का समापन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**प्रतापगढ़।** बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा प्रायोजित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान की ओर से गांव कोदिनेरा में आयोजित 12 दिवसीय डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी कम्पोस्ट प्रशिक्षण का समापन हुआ। प्रशिक्षण में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। राजस्थान बाल कल्याण समिति की ओर से प्रशिक्षणार्थियों का चयन एवं मोबिलाइजेशन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को उच्च उत्पादक नस्लों का चयन, संतुलित आहार, पशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, वैज्ञानिक प्रजनन, दूध प्रसंस्करण और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही अजोला बेड एवं वर्मी बेड तैयार कर जैविक खाद बनाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। बैंक की विभिन्न योजनाओं, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में भी बताया गया। समापन कार्यक्रम में मूल्यांकन प्रभारी राजकुमार



वरडीया, मास्टर ट्रेनर अजय यादव, बड़ौदा आरसेटी निदेशक श्रीनिवास, राजस्थान बाल कल्याण समिति के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर उदय लाल, रिलायंस फाउंडेशन के प्रतिनिधि रघुवीर एवं बाबूलाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अंशिका बाथरा ने किया। अंत में प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

---

## जंतुआलय विकास ट्रस्ट की बैठक में वन्यजीव सुविधाओं पर मंथन

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जंतुआलय विकास ट्रस्ट की त्रैमासिक बैठक संभागीय आयुक्त एवं ट्रस्ट अध्यक्ष खजान सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क और गुलाब बाग बर्ड पार्क में वन्यजीवों एवं पर्यटकों की सुविधाओं के विस्तार, संरक्षण तथा संवर्धन कार्यों पर चर्चा की गई। बैठक में करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से 20



कार्यों के प्रस्तावों पर चर्चा एवं अनुमोदन हुआ। इनमें सज्जनगढ़ मार्ग की मरम्मत, स्टाफ क्वार्टर, पार्किंग क्षेत्र, बायो पार्क एंक्लोजर, लायन सफारी की सुरक्षा, फेंसिंग, निरीक्षण पथ और तितलियों-मॉथ के अध्ययन सहित अन्य कार्य शामिल हैं। संभागीय आयुक्त ने सभी कार्य नियमानुसार, गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

---

## एसीएस वन एवं पर्यावरण ने संपर्क पोर्टल कॉल सेंटर का किया निरीक्षण

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** वन एवं पर्यावरण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार ने राजस्थान संपर्क पोर्टल 181 कॉल सेंटर का निरीक्षण कर विभागीय शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की। उन्होंने परिवादियों से ऑडियो एवं वीडियो कॉल के माध्यम से सीधे संवाद कर समस्याएं



सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आबादी क्षेत्रों में मगरमच्छ-पैंथर की मौजूदगी, अवैध खनन, अवैध लकड़ी कटाई और प्रदूषण से जुड़ी शिकायतों पर भी चर्चा हुई। एसीएस ने आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि वन एवं वन्यजीव संबंधी शिकायतें हेल्पलाइन 1926 पर भी दर्ज कराई जा सकती हैं।

---

## भोपाल में गरिमापूर्ण तरीके से मनेगा पुलिस स्मृति दिवस

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** कर्तव्य निर्वहन के दौरान बलिदान देने वाले पुलिस जवानों की स्मृति में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। तैयारियों को लेकर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी. श्रीनिवास वर्मा ने अधिकारियों की बैठक लेकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। लाल परेड ग्राउंड स्थित स्मारक स्थल पर साज-सज्जा एवं बैठक व्यवस्था के साथ मार्च-पास्ट, होमगार्ड प्लाटून, अश्वारोही दल और श्वान दस्ते की



तैयारियां की जाएंगी। मार्च-पास्ट का पूर्वाभ्यास 6 अक्टूबर से तथा फुल ड्रेस रिहर्सल 19 अक्टूबर को होगी। शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों और अतिथियों के आमंत्रण, आवागमन एवं ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

---

## जयपुर में यूरोलॉजी लाइव ऑपरेटिव वर्कशॉप आयोजित

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** मेडिकल कॉलेज तथा यूरोलॉजी एवं रीनल ट्रांसप्लांटेशन विभाग की ओर से लाइव ऑपरेटिव वर्कशॉप आयोजित की गई। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तकनीक चिकित्सा कौशल को विकसित कर सकती है, लेकिन मानवीय संवेदना का स्थान नहीं ले सकती। उन्होंने आमजन को सहज, सुलभ और सस्ती चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने




पर जोर दिया। राज्यपाल ने यूरोलॉजी संबंधी रोगों के प्रभावी उपचार के साथ जागरूकता बढ़ाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा शिविर लगाने का आह्वान किया। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र परिवारों को मिल रहे 5 लाख रुपए तक के कैशलेस स्वास्थ्य कवरेज का अधिकाधिक लाभ पहुंचाने की बात कही। कार्यशाला में रोबोटिक सर्जरी और आधुनिक चिकित्सा तकनीक सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

---

## उदयपुर में गुजरात ले जाई जा रही 53 हजार रुपए की अवैध शराब जब्त

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गुजरात ले जाई जा रही करीब 53 हजार रुपए की शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बस की तलाशी के दौरान सात पार्सल से अंग्रेजी शराब की 144 बोतलें तथा किंगफिशर और ट्यूबॉर्ग बीयर के 284 कैन बरामद किए।



पुलिस ने आरोपी उदयलाल गुर्जर निवासी पाखुंड केसरपुरा, राजसमंद को आबकारी अधिनियम की धारा 19/54 के तहत गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने पर पुलिस हिरासत रिमांड मिला है। शराब कहां से लाई गई और कहां ले जाई जा रही थी, इस संबंध में जांच जारी है। कार्रवाई में थानाधिकारी सुनील चारण सहित पुलिस टीम शामिल रही।

---

## कानोड़ में कविता प्रतियोगिता में गूंजा वीर रस और भावनाओं का स्वर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : दीपक शर्मा**

**कानोड़।** नगर पालिका क्षेत्र के तुलसी अमृत निकेतन संस्थान द्वारा संचालित तुलसी अमृत उच्च प्राथमिक विद्यालय में संचालक मनोज भनावत के निर्देशन में हिंदी सप्ताह के चौथे दिन कविता प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने वीर रस, भावुकता, राजस्थानी संस्कृति, देशभक्ति और प्रकृति से जुड़ी कविताओं का पाठ किया।

छात्र-छात्राओं ने हिंदी के विराट स्वरूप पर कविताएं प्रस्तुत कीं। छात्रा प्रिया मेघवाल ने भारत-चीन संबंधों पर तीखा व्यंग्य किया। किरण पाटीदार ने गिरिजा कुमार माथुर की कविता हिंदी तुझ पर गर्व का पाठ किया। भव्या रेगर ने जन-जन की भाषा है हिंदी कविता प्रस्तुत की, जबकि अनु श्री ने खेजड़ी वृक्ष सहित संपूर्ण राजस्थान की



संस्कृति को कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के दौरान भावुक वातावरण तब बन गया, जब छात्रा टमू कुंवर ने बेटी नहीं तो बहू कहां से लाओगे कविता का पाठ कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तरूलता व्यास ने की। मुख्य अतिथि रेखा सुथार रहीं, जबकि निर्णायक की भूमिका मकसूद हुसैन, पुष्पा श्रीमाली और लीलू तम्बोली ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन गजेंद्र सिंह ने किया। प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में अनु श्री प्रथम और टमू कुंवर द्वितीय स्थान पर रहीं। जूनियर वर्ग में मधु बाला मेनारिया प्रथम रहीं, जबकि तृप्ति नाथ और निहारिका लक्ष्यकार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हिंदी सप्ताह का समापन शनिवार को संस्थान के संचालक मनोज भनावत के मुख्य आतिथ्य में होगा।

---

## भबराना में जिला कलेक्टर ने निमार्णाधीन अटल पथ का निरीक्षण किया

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** विकसित भारत-जन सेवा अभियान 2026 के तहत भबराना दौरे पर पहुंचे जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद पी.पी. ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया।



उन्होंने निमार्णाधीन अटल पथ की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने और निर्धारित मापदंडों के अनुसार कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने अटल पथ से जुड़े निमार्णाधीन पुल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति, निर्माण गुणवत्ता और तकनीकी पहलुओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुल निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय सीमा में पूरा करने पर जोर दिया। इसके बाद जिला कलेक्टर ने ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड, भबराना का निरीक्षण किया। उन्होंने समिति की व्यवस्थाओं, रिकॉर्ड संधारण और किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। अधिकारियों एवं समिति पदाधिकारियों को व्यवस्थाएं बेहतर बनाने तथा किसानों को योजनाओं और सहकारिता संबंधी सुविधाओं का प्रभावी लाभ देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

---

## आधुनिक एवं सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि पिछले सात दशक से राजस्व मंडल राजस्थान की न्याय व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राजस्व न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी, सरल एवं लोकोन्मुख बनाने में बेंच और बार दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के शासन मॉडल मेंराजस्व मंडल का विशेष स्थान है तथा सरकार इसे मजबूत, आधुनिक एवं सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास अजमेर में राजस्व बार एसोसिएशन सभागार में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राजस्व कानून एवं राजस्व प्रशासन उनके प्रशासनिक सेवा जीवन के महत्वपूर्ण क्षेत्र रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में उपखंड स्तरीय अदालतें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। राजस्व अदालतों में अदालती कार्यवाही का समय निश्चित एवं अनुमानित हो, निर्णय समय पर लिखे जाएं तथा जिला कलेक्टरों द्वारा प्रभावी निगरानी की जाए। बोर्ड ऑफ रेवेन्यू का उपखंड अधिकारियों एवं सहायक कलेक्टरों के साथ बेहतर समन्वय होना चाहिए। उन्होंने न्यायालयीन कार्यवाही में अनुशासन एवं समय की पाबंदी पर भी जोर दिया। मुख्य सचिव ने राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि न्याय में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए।

---

## मुख्य सचिव से इंडियन ऑयल चेयरमैन की शिष्टाचार भेंट

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास से शुक्रवार को सचिवालय में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राजस्थान में आईओसीएल के संचालन, पेट्रोलियम एवं ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विषयों तथा कंपनी की विभिन्न गतिविधियों पर



चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने राज्य में आईओसीएल के सुचारू संचालन और परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में आवश्यक सहयोग एवं समन्वय का आश्वासन दिया। चेयरमैन ने भी राज्य सरकार के साथ समन्वय से कंपनी की गतिविधियों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

---

## मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के लिए 7 अक्टूबर तक आवेदन

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत सत्र 2026-27 के लिए पात्र विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना में प्रोफेशनल कोर्स की प्रवेश परीक्षाओं और सरकारी नौकरियों की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग सुविधा दी जाएगी। आवेदन 8 सितंबर से शुरू हो चुके हैं और अंतिम तिथि 7 अक्टूबर 2026 है। पात्र अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सीएम अनुप्रति कोचिंग आइकन और स्टूडेंट विकल्प के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विभाग ने अंतिम तिथि से पहले आवेदन करने की अपील की है।

# द मॉरल शॉपी की प्रदर्शनी कल, उदयपुर में सजेगा हुनर और मनोरंजन का संसार

## नारी शक्ति सम्मान, डांस चैंपियनशिप, गरबा और 30 से अधिक स्टॉल्स रहेंगी आकर्षण का केंद्र

पद्मावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** द मॉरल शॉपी की ओर से कल सूरजपोल स्थित वासुपूज्य ट्रस्ट हॉल में भव्य एक दिवसीय प्रदर्शनी एवं मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सुबह से शाम तक चलने वाले इस आयोजन में खरीदारी, मनोरंजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रतिभा प्रतियोगिताओं और नारी शक्ति सम्मान का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में शहरवासियों को परिवार सहित खरीदारी करने, प्रतिभाओं को मंच पर देखने और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। आयोजन में सभी के लिए प्रवेश निशुल्क रहेगा।

### 30 से अधिक स्टॉल्स पर मिलेंगे विविध उत्पाद

प्रदर्शनी में साड़ी, आभूषण, हस्तनिर्मित उत्पाद, अचार, सूट, उपहार सामग्री सहित विभिन्न उपयोगी और आकर्षक उत्पादों की 30 से अधिक स्टॉल्स लगाई जाएंगी। इनमें निंबाहेड़ा, कांकरोली, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, नाथद्वारा और उदयपुर सहित राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभागी शामिल होंगे। अलग-अलग क्षेत्रों से आने वाले प्रतिभागियों के उत्पाद प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र रहेंगे। महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों और घरेलू उद्यमों को प्रोत्साहन देने के साथ ही आमजन को नए उत्पादों से परिचित होने का अवसर मिलेगा।




### निशुल्क कैंप और मनोरंजक कार्यक्रम होंगे खास

आयोजन में खरीदारी के साथ मनोरंजन और स्वास्थ्य से जुड़े कई निशुल्क कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इनमें फ्री एक्यूप्रेशर कैंप, फ्री हुलाहूपिंग कैंप, फ्री गरबा वर्कशॉप और फ्री मैजिक शो प्रमुख रहेंगे। इसके अलावा नारी शक्ति सम्मान समारोह 2.0, डांस चैंपियनशिप, स्वर कोकिला प्रतियोगिता, बहारों की रानी प्रतियोगिता, म्यूजिकल हाऊजी तथा सामूहिक गरबा और घूमर कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। म्यूजिकल हाऊजी में भाग लेने के लिए टिकट मात्र 50 रुपए रखा गया है। प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी कला, प्रतिभा और हुनर प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

### महिलाओं की प्रतिभा और उद्यमिता को मिलेगा मंच

कार्यक्रम आयोजिका मयूरा मेहता ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य महिलाओं की प्रतिभा, उद्यमिता और रचनात्मकता को मंच प्रदान करना है। प्रदर्शनी के माध्यम से महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे विभिन्न उत्पादों को बाजार और पहचान मिलेगी। साथ ही शहरवासियों को परिवार सहित खरीदारी, मनोरंजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने का अवसर उपलब्ध होगा। इस प्रकार के आयोजनों से महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलने के साथ उनके आत्मविश्वास और व्यवसाय को भी मजबूती मिलती है।

### पदमावत मीडिया रहेगा मीडिया पार्टनर

आयोजन को सफल बनाने में द मॉरल शॉपी से आजाद बोलिया, रेनू बोलिया, कमल मेहता तथा ब्रांड एंबेसेडर मॉरल मेहता का विशेष योगदान रहेगा। कार्यक्रम के मीडिया पार्टनर पदमावत मीडिया हैं। पदमावत मीडिया द्वारा प्रदर्शनी, नारी शक्ति सम्मान समारोह, प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी व्यापक स्तर पर आमजन तक पहुंचाई जाएगी, जिससे अधिक से अधिक लोग आयोजन से जुड़ सकें।

### प्रमुख हस्तियों की रहेगी उपस्थिति

कार्यक्रम में उदयपुर के विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों और अतिथियों की उपस्थिति भी रहेगी। इनमें पिंकी मंडावत, रश्मि पगारिया, ऋतु मारू, सोनल सिंघवी, ज्योत्सना जैन, पवन जैन पदमावत, पुष्पा कोठारी, आचार्य अनिमा गोस्वामी, बलदीप शर्मा, माधुरी जैन और रेनू सिरोया सहित अन्य अतिथि शामिल होंगे। आयोजकों ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रदर्शनी, प्रतियोगिताओं, नारी शक्ति सम्मान समारोह, गरबा, घूमर और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हिस्सा बनने की अपील की है। सुबह से शाम तक चलने वाले इस आयोजन में प्रवेश निशुल्क रहेगा।

## खबर संक्षेप

### उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन का मुंबई आगमन राज्यपाल ने किया स्वागत

**मुंबई @ पदमावत मीडिया।** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन का छत्रपति शिवाजी



महाराज अंतरराष्ट्रीय विमानतल पर आगमन हुआ। इस अवसर पर महाराष्ट्र के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कौशल विकास मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा और सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार ने भी उपराष्ट्रपति का स्वागत किया। इस दौरान पुलिस महानिदेशक सदानंद दाते, सह पुलिस आयुक्त मनोज कुमार शर्मा तथा सचिव एवं प्रमुख शिष्टाचार अधिकारी डॉ. राजेश गवांदे उपस्थित रहे।

### भबराना में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** भबराना में जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद पी.पी. की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल आयोजित की गई।



इसमें ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं एवं परिवेदनाएं प्रस्तुत कीं। जिला कलेक्टर ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली और त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि जिन समस्याओं का समाधान मौके पर संभव है, उनका तत्काल निस्तारण किया जाए। अन्य प्रकरणों में संबंधित विभाग निर्धारित समयावधि में कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए ग्रामीणों को संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराने पर जोर दिया। रात्रि चौपाल में विकसित भारत-जन सेवा अभियान की भी जानकारी दी गई। अधिकारियों को ग्राम पंचायत से लेकर नगरीय निकाय स्तर तक अभियान की गतिविधियों को जनभागीदारी के साथ प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। अभियान के तहत विभिन्न सेवा, जनजागरूकता, रक्तदान, नवाचार और सुशासन संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### जनगणना-2027 के प्रथम चरण में कार्यरत कार्मिकों के प्रशिक्षण भत्ते एवं मानदेय का भुगतान पूर्ण

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत जिले में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य में लगे कार्मिकों के प्रशिक्षण भत्ते और मानदेय का भुगतान पूर्ण कर दिया गया है। उप जिला जनगणना अधिकारी कुलदीप कुमार बैरवा ने बताया कि मास्टर ट्रेनर्स, फील्ड ट्रेनर्स, प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण भत्ते एवं मानदेय का भुगतान कर दिया गया है। इसके साथ ही जिला जनगणना प्रकोष्ठ, चार्ज ऑफिसर और अन्य संबंधित कार्मिकों का मानदेय भी जारी कर दिया गया है। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार सभी संबंधित कार्मिकों को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया गया। जिला प्रशासन ने जनगणना कार्य में नियुक्त कार्मिकों को आवश्यक सहयोग और व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के साथ उनके देय प्रशिक्षण भत्ते एवं मानदेय का भुगतान पूरा किया है।

### जयपुर में अस्थाई अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** नगर निगम जयपुर की सतर्कता शाखा ने शुक्रवार को बजाज नगर, मानसरोवर पुलिया, रामपुरा




फाटक से मंगलम अपार्टमेंट तथा 7 नंबर चौराहे से बॉम्बे हॉस्पिटल तक अस्थाई अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की। टीम ने 5 कैंटर सामान जब्त कर गोदाम भिजवाया तथा अतिक्रमणकर्ताओं से 10 हजार रुपए कैरिंग चार्ज वसूल किया। सतर्कता टीम ने मौके पर समझाइश करते हुए भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत दी। निगम ने चेतावनी दी कि अतिक्रमण दोबारा पाए जाने पर भारी चालान सहित प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

## आरटीयू के प्रो.एचडी चारण को राष्ट्रपति द्वारा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट,ग्वालियर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरपर्सन का प्रभार

पद्मावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**कोटा।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग से सेवानिवृत बीटीयू के पूर्व कुलगुरु एवं वर्तमान चेयरपर्सन, स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए),भोपाल प्रो एचडी चारण को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (एबीवी- आईआईआईटीएम), ग्वालियर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) के चेयरपर्सन का प्रभार दिया है। सह जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि इस आशय के निदेशक गरिमा शर्मा, उच्च शिक्षा विभाग-शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार नें आदेश जारी किए है। प्रोफेसर एचडी चारण वर्ष 2019 में राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के



सिविल इंजीनियरिंग विभाग से सेवानिवृत हुए थे। आरटीयू में सेवाकाल के दौरान वह डीन अकादमिक और बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरु भी रह चुके हैं। बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरपर्सन के रूप में उनकी जिम्मेदारी संस्थान की नीतिगत दिशा, दीर्घकालिक विकास योजनाओं और शैक्षणिक उत्कृष्टता से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों में मार्गदर्शन प्रदान करने की होगी।एबीवी-आईआईआईटीएम, ग्वालियर देश के प्रमुख तकनीकी एवं प्रबंधन शिक्षा संस्थानों में शामिल है।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय महत्व का आईआईआईटीएम संस्थान सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंधन के अंतर्विषयक क्षेत्र में उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए विख्यात है। पूर्व कुलगुरु प्रो चारण वर्तमान मे अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली की मानवीय मूल्य की राष्ट्रीय समिति के चेयरपर्सन भी हैं। तकनीकी शिक्षा एवं अकादमिक प्रशासन के क्षेत्र में वह लंबे समय से सक्रिय रहे हैं। उनका अनुभव सूचना प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा तथा संस्थागत नेतृत्व जैसे क्षेत्रों से जुड़ा रहा है। बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरपर्सन के रूप में प्रो चारण की भूमिका संस्थान की नीतिगत दिशा, दीर्घकालिक विकास, शैक्षणिक उत्कृष्टता और संस्थागत सुदृढ़ीकरण में महत्वपूर्ण होगी।

## उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने मुख्यमंत्री के शासकीय निवास वर्षा में गणेश दर्शन किए

**मुंबई @ पदमावत मीडिया।** देश के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने गणेशोत्सव के अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के शासकीय निवास वर्षा में भगवान गणेश के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उपराष्ट्रपति का स्वागत किया। कार्यक्रम में कौशल विकास मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव लोकेश चंद्रा, प्रधान सचिव श्रीकर परदेशी और मुख्य राजशिष्टाचार अधिकारी राजेश गवांदे सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



## अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सम्मान के लिए 23 सितंबर तक प्रस्ताव आमंत्रित

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर 1 अक्टूबर को सामाजिक, सांस्कृतिक, कला, साहित्य और वृद्ध कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले वरिष्ठ नागरिकों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं संस्थाओं को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक वरिष्ठ नागरिक और संस्थाएं 23 सितंबर 2026 तक जिला सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कार्यालय में प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में देना होगा, जो विभागीय वेबसाइट sje.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। चयनित प्रस्ताव जिला कलेक्टर की अभिशंसा के साथ 24 सितंबर तक जयपुर भेजे जाएंगे।

## राजस्थान में आबकारी राजस्व में 20 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य, अवैध मदिरा पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

पद्मावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को गत वर्ष की तुलना में आबकारी राजस्व में 20 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य तय कर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व लक्ष्यों की प्रतिदिन समीक्षा करते हुए प्रदेश सरकार की अपेक्षाओं के अनुरूप लक्ष्य पूरे किए जाएं। राजस्व अर्जन में लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। भरतपुर, कोटा और जयपुर सहित अपेक्षित प्रगति से पीछे चल रहे जिलों को कार्ययोजना बनाकर राजस्व वृद्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।




वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान 14 से 30 सितंबर तक चल रहे विशेष निरोधात्मक अभियान की भी समीक्षा की गई। आबकारी आयुक्त ने राजमार्गों पर अवैध मदिरा तस्करी, होटल, विला और संदिग्ध क्षेत्रों में दबिश की कार्रवाई बढ़ाने तथा मुखबिर तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने आईएमएफएल और वाहनों की बड़ी जब्ती के साथ महत्वपूर्ण अभियोग दर्ज करने पर जोर दिया। सीमावर्ती जिलों में गश्ती दलों के माध्यम से अवैध मदिरा की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में बकायादारों से वसूली के लिए संपत्तियों का चिन्हीकरण कर नियमानुसार कुर्की और नीलामी की कार्रवाई करने को कहा गया। जब्त वाहनों की शीघ्र नीलामी के लिए जयपुर ग्रामीण व शहर, हनुमानगढ़, अलवर, बहरोड़, जोधपुर, जालौर, पाली और डूंगरपुर सहित संबंधित जिलों को निर्देश दिए गए। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत ने जिलेवार लक्ष्य और प्रगति का प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, सहायक आबकारी अधिकारी, निरीक्षक और प्रहराधिकारी उपस्थित रहे।

## पंचायती राज चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** आगामी पंचायती राज चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद पी.पी. ने आईटीआई खोलड़ी स्थित ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम के सुरक्षित रख-रखाव और स्ट्रांग रूम में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी और अन्य आवश्यक तैयारियों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ईवीएम की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त रखने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।



## चतरा में मुर्गा फार्म चोरी मामले का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



**चतरा/झारखंड @ पदमावत मीडिया।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के बिंदयाही गांव स्थित मुर्गा फार्म से मोटरसाइकिल, इन्वर्टर-बैटरी, कांटा मशीन, मोबाइल और मुर्गे चोरी होने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दीपक कुमार और नागेंद्र कुमार भुइयां, दोनों निवासी जाबादोहर, हंटरगंज को पकड़ा गया। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपियों की निशानदेही पर ग्राम दुंदु में बंद माइंस के पानी भरे गड्ढे से चोरी की गई वीवो कंपनी का मोबाइल और स्प्लेंडर मोटरसाइकिल के खुले हुए पार्ट्स व इंजन बरामद किए। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से नारजो और रेडमी कंपनी के मोबाइल भी जब्त किए गए। मामले में हंटरगंज थाना कांड संख्या 49/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है। कार्रवाई पुलिस निरीक्षक विपिन कुमार, थाना प्रभारी संदीप कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सुनील कुमार दुबे, तकनीकी टीम और हंटरगंज थाना बल ने की।

## मुंबई को वैश्विक ज्ञान केंद्र बनाने में यूडब्ल्यूए निभाएगा महत्वपूर्ण भूमिका

पद्मावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया इंडिया, मुंबई कैंपस का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मुंबई को वैश्विक ज्ञान, नवाचार, तकनीक और प्रतिभा का केंद्र बनाने के महाराष्ट्र सरकार के प्रयासों को कैंपस की स्थापना से नई मजबूती मिलेगी। विश्वस्तरीय शैक्षणिक संस्थाओं, आधुनिक आधारभूत सुविधाओं और प्रतिभाशाली मानव संसाधन के माध्यम से भविष्य के उद्योगों तथा शोध के लिए मजबूत व्यवस्था तैयार करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के अग्रणी शोध आधारित विश्वविद्यालय यूडब्ल्यूए का भारत में पहला कैंपस मुंबई में शुरू होना महाराष्ट्र के लिए गौरव की बात है। ऑस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित ग्रुप ऑफ एट में भारत में कैंपस शुरू करने वाला यूडब्ल्यूए पहला विश्वविद्यालय है। मुंबई आर्थिक, व्यावसायिक और मनोरंजन की राजधानी के साथ अब वैश्विक ज्ञान एवं नवाचार केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रही है। मुंबई 3.0 परियोजना में एजुकेशन सिटी, मेडि-सिटी, इनोवेशन सिटी, वैश्विक क्षमता केंद्र तथा शोध और उद्योग विकास के नए केंद्र तैयार किए जा रहे हैं। यूडब्ल्यूए कैंपस के विद्यार्थियों को वित्तीय संस्थाओं, बहुराष्ट्रीय कंपनियों, तकनीकी उद्योगों, स्टार्टअप, शोधकताओं और उद्यमियों से जुड़ने के अवसर मिलेंगे।




वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के प्रीमियर रॉजर कूक ने कैंपस के उद्घाटन को भारत, महाराष्ट्र और वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के संबंधों में ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। यूडब्ल्यूए की चांसलर डॉ. डायन स्मिथ-गैंडर ने बताया कि मुंबई और चेन्नई कैंपस के लिए लगभग 8 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का निवेश किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन भारतीय विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति दी गई है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, महत्वपूर्ण खनिज, स्वच्छ ऊर्जा, सतत विकास और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में संयुक्त शोध और शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। एजुकेशन सिटी में भविष्य में लगभग एक लाख विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करेंगे।

## आईटीआई में रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश के लिए आवेदन 22 सितंबर तक

**भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सत्र 2026-27/28 के लिए एनसीवीटी और एससीवीटी योजनान्तर्गत रिक्त सीटों पर संस्थान स्तर से सीधे प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संस्थान के उपनिदेशक प्रशिक्षण सूरज पंवार ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी राजस्थान सरकार के एकीकृत एसएसओ पोर्टल अथवा ई-मित्र कियोस्क के माध्यम से 16 से 22 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी 22 सितंबर को दोपहर 12 बजे तक संस्थान में जमा कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया 22 सितंबर को दोपहर 2 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित समय पर आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेज जमा कराने की अपील की गई है।

## सलूम्बर में अनियमित राशन कार्ड संशोधन पर 34 ई-मित्र कियोस्क ब्लैकलिस्ट

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राशन कार्ड में प्राथमिकता परिवार से अंत्योदय अन्न योजना श्रेणी में अनियमित संशोधन करने पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग ने 34 ई-मित्र कियोस्क को ब्लैकलिस्ट कराने के निर्देश दिए हैं। जांच में निर्धारित प्रक्रिया के विपरीत सेवाएं देने की पुष्टि होने पर ई-मित्र एसएलए के एक्शन ऑन फ्रॉड प्रावधान के तहत कार्रवाई की गई। संबंधित कियोस्क के विरुद्ध प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### ऊर्जा संरक्षण हेतु एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल @ पदमावत मीडिया।** स्थानीय क्षेमंकरी माताजी मंदिर परिसर में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के तत्वावधान में






ऊर्जा संरक्षण पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को ऊर्जा बचत एवं इसके सदुपयोग के प्रति जागरूक किया गया। स्काउटर रमेशकुमार दवे ने स्काउट-गाइड के बच्चों को ऊर्जा संरक्षण की शपथ दिलाई। स्काउट संघ के जिला जनसंपर्क प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि कार्यक्रम में सीओ स्काउट सवाईसिंह राठौड़ ने ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऊर्जा के बिना जीवन अंधकारमय है। उन्होंने ऊर्जा संरक्षण एवं इसके सदुपयोग पर जोर दिया। जागरूकता कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग, भाषण, नारा एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

**सौर ऊर्जा के महत्व पर प्रकाश डाला**

स्काउट मास्टर दलपतसिंह जोधा ने सौर ऊर्जा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पहले कोयला और जल ऊर्जा पर निर्भरता थी, लेकिन अब सौर ऊर्जा एक प्रमुख विकल्प बन गई है। उन्होंने घरों में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा के उपयोग से ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा दिया ा सकता है। स्काउट मास्टर नवाराम ने कहा कि विद्यार्थियों को बचपन से ही ऊर्जा संरक्षण की आदत डालनी चाहिए। घर से बाहर निकलते समय लाइट और पंखे बंद करके निकलें तथा जरूरत पड़ने पर ही विद्युत उपकरणों का उपयोग करें। स्काउट व गाइड मंजू नेरवाल, सुशील चौहान एवं दिनेश ने ऊर्जा संरक्षण पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि कई घरों में पानी की मोटर बिना जरूरत के चलती रहती है, जिससे ऊर्जा और पानी दोनों की बबार्दी होती है। उन्होंने छोटी दूरी के लिए साइकिल का उपयोग करने तथा सामान्य बल्ब के स्थान पर ऊर्जा दक्ष सीएफएल या एलईडी बल्बों का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। सीओ स्काउट सवाईसिंह राठौड़ ने बताया कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, वृक्षारोपण, नशामुक्ति, स्वच्छता एवं वेस्ट टू बेस्ट जैसे अभियानों को बढ़ावा दे रहा है। कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालयों के स्काउट-गाइड विद्यार्थी शामिल हुए। आयोजन में शांतिलाल जीनगर, पवन, निर्मल, अमित, प्रियंका, यवनिका एवं अंकन कंवर स्काउटर-गाइडर का उल्लेखनीय सहयोग रहा। अंत में स्थानीय संघ सचिव घनश्याम व्यास ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### प्रतापगढ़ में जिला स्तरीय सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट के परिणाम घोषित

**प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन प्रतापगढ़ की ओर से




आयोजित जिला स्तरीय सीनियर वर्ग रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रतिभा और खेल भावना का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि आशीष एवं रजनीश ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

प्रतियोगिता के परिणामों में 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में कालूराम एवं सुधीर, 40 वर्ष से अधिक वर्ग में अखिलेश एवं ललित, 45 वर्ष से अधिक वर्ग में अमित कुमार शर्मा एवं आजाद गौर, 50 वर्ष से अधिक वर्ग में राजू खान पठान एवं चावंड सिंह तथा 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में अत्ताउर रहमान एवं डॉ. राधेश्याम कच्छावा विजेता रहे।

जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू खान पठान एवं सचिव अमित कुमार शर्मा ने सभी विजेता खिलाड़ियों और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## राजसमंद पुलिस का अपराधियों पर शिकंजा

# 47 टीमों ने 241 ठिकानों पर दी दबिश 31 आरोपी एवं वारंटी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com







**राजसमंद।** जिले में अपराधों की रोकथाम, कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने तथा वांछित अपराधियों एवं वारंटियों की धरपकड़ के लिए राजसमंद पुलिस ने 16 एवं 17 सितंबर को व्यापक एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया। अभियान के दौरान 47 पुलिस टीमों में शामिल 180 पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने जिलेभर में 241 संभावित ठिकानों पर दबिश देकर कुल 31 आरोपियों एवं वारंटियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार महानिरीक्षक पुलिस, उदयपुर रेंज के निर्देश पर जिला पुलिस अधीक्षक राजसमंद हेमंत कलाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजसमंद गहेन्द्र पारीक के सुपरविजन तथा संबंधित वृत्ताधिकारियों के निकटतम निर्देशन में जिले के सभी थानाधिकारियों के नेतृत्व में अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस थाना राजनगर, कांकरोली, कुंवारिया, केलवाड़ा, चारभुजा, आमेट, केलवा, नाथद्वारा, रेलमगरा, खमनोर, देलवाड़ा, भीम, देवगढ़, दिवेर एवं श्रीनाथजी मंदिर की टीमों ने अपराधियों और असामाजिक तत्वों के संभावित ठिकानों पर एक साथ दबिश दी।

अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने जिलेभर में चिह्नित 241 स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों, हिस्ट्रीशीटरों, हार्डकोर अपराधियों, फरार आरोपियों एवं वारंटियों की गहन जांच की। इस दौरान 71 हिस्ट्रीशीटर एवं हार्डकोर अपराधियों की गतिविधियों की जांच की गई। आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने की आशंका पर 6 हिस्ट्रीशीटर अपराधियों को पाबंद कराया गया।

पुलिस कार्रवाई के दौरान विभिन्न आपराधिक प्रकरणों में वांछित 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं लंबे समय से फरार चल रहे 3 स्थायी वारंटियों को पकड़ा गया तथा न्यायालय से जारी 2 गिरफ्तारी वारंटों का निस्तारण किया गया। अभियान में विभिन्न मामलों में कुल 31 आरोपियों एवं वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। राजसमंद पुलिस के अनुसार अभियान का उद्देश्य जिले में सक्रिय अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना, फरार एवं वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करना तथा आमजन में सुरक्षा और विश्वास की भावना को मजबूत करना रहा। पुलिस टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अपराधियों के ठिकानों, संदिग्ध स्थानों तथा हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों की गहन जांच की।

जिला पुलिस अधीक्षक राजसमंद हेमंत कलाल ने सभी पुलिस अधिकारियों को वांछित अपराधियों, वारंटियों, हिस्ट्रीशीटरों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में अपराध करने वाले अथवा अपराधियों को संरक्षण देने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। राजसमंद पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी तथा शांतिपूर्ण कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# उपराज्यपाल ने हरमुख-गंगबल यात्रा को दिखाई हरी झंडी


## मनोज सिन्हा ने यात्रा को सनातन आस्था की जीवंत अभिव्यक्ति बताया, प्रकृति संरक्षण का संकल्प लेने का किया आह्वान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com









**श्रीनगर।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को गांदरबल में पवित्र हरमुख-गंगबल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने यात्रा को भारत के गौरवशाली अतीत और जीवंत वर्तमान के बीच आध्यात्मिक सेतु बताते हुए कहा कि यह सनातन आस्था, पवित्रता, भक्ति और विविधता में एकता की जीवंत अभिव्यक्ति है।

उपराज्यपाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर हजारों वर्षों से अखंड आस्था की धारा से पोषित रहा है। कल्हण की राजतरंगिणी में भी इस क्षेत्र की आध्यात्मिक परंपराओं का उल्लेख मिलता है। नीलमत पुराण का संदर्भ देते हुए उन्होंने बताया कि हरमुख पर्वत को भगवान शिव का निवास माना जाता है, जबकि करीब 14,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित गंगबल झील को मां गंगा की पवित्र उपस्थिति के रूप में श्रद्धा से देखा जाता है।

उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और ऐतिहासिक उतार-चढ़ाव के बावजूद श्रद्धालुओं ने इस तीर्थस्थल से अपना आध्यात्मिक संबंध बनाए रखा है। यह स्थल पूर्वजों को श्रद्धांजलि देने की परंपरा से भी जुड़ा है और इसकी पवित्रता हरिद्वार के समान मानी जाती है।

उपराज्यपाल ने कहा कि हिमालयी तीर्थयात्राएं प्रकृति के सामने विनम्रता का भाव सिखाती हैं और चारों दिशाओं से श्रेष्ठ विचार ग्रहण करने की प्रेरणा देती हैं। ऐसी यात्राएं सामाजिक समरसता को मजबूत करने के साथ राष्ट्र की आत्मा और सामूहिक चेतना को भी सशक्त बनाती हैं। हरमुख-गंगबल यात्रा में कोई ऊंचा या नीचा नहीं होता, बल्कि सभी सत्य के साधक के रूप में आध्यात्मिक एकता से जुड़े रहते हैं। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय चुनौतियों के संदर्भ में श्रद्धालुओं से प्रकृति संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रा से आत्मबल और आत्मविश्वास मिलता है तथा मनुष्य प्रकृति के और करीब आता है। इस यात्रा के दौरान यह अनुभूति होती है कि प्रकृति हमारी विरासत है और उसकी रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। उपराज्यपाल ने कहा कि हरमुख-गंगबल यात्रा नई पीढ़ी को यह संदेश देने का अवसर भी है कि सनातन संस्कृति केवल वर्तमान की चेतना नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा भी निर्धारित करती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लगातार 25 वर्षों की जनसेवा को समर्पित सेवा संकल्प अभियान का भी उल्लेख किया तथा नागरिकों और हरमुख गंगा गंगबल ट्रस्ट से स्वच्छता अभियान, रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर, पौधरोपण और युवा कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

इस अवसर पर सांसद मियां अल्ताफ अहमद, कंगन विधायक मियां मेहर अली, उपराज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. मंदीप के. भंडारी, हरमुख गंगा गंगबल ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष एवं महासचिव विनोद पंडिता, कश्मीर के संभागीय आयुक्त अंशुल गर्ग, पुलिस महानिरीक्षक सुजीत कुमार, गांदरबल के उपायुक्त जतिन किशोर, ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल भट्ट सहित धार्मिक प्रमुख, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, सुरक्षा अधिकारी, प्रमुख नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### विकसित भारत-जन सेवा अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय बैठक

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** विकसित भारत-जन सेवा अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद पी.पी. की अध्यक्षता में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने अभियान की गतिविधियों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए नियमित मॉनिटरिंग, विभागीय समन्वय और अधिकाधिक पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। गतिविधियों की जानकारी, फोटो और वीडियो समय पर पोर्टल पर अपलोड करने को भी कहा गया। बैठक में 19 से 25 सितंबर तक पंचायत समिति मुख्यालयों पर आयोजित होने वाले सेवा सेतु शिविरों की तैयारियों पर चर्चा की गई। शिविरों में विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र लाभार्थियों का चिन्हीकरण, पंजीयन और लाभ दिलाने की कार्रवाई होगी। स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना और पीएम सूर्य घर योजना सहित जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास, फार्मर रजिस्ट्री, विभाजन, सीमांकन एवं खातों के शुद्धिकरण से संबंधित सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई, संपर्क तथा सीएमओ और पीजी पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। अभियान के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक जिलेभर में आशीर्वाद का दीया, नमो सेवाझ्रअनकही कहानियां, सेवा ज्योति कलश यात्रा, सेवा मेरा योगदान, सेवा की कहानी, सेवा सेतु और सेवा के रंगझ्रराष्ट्र के संग सहित विभिन्न जनभागीदारी आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

# उदयपुर में विद्यार्थियों ने कैनवास पर साकार किया विकसित भारत का सपना

## जिलेभर के विद्यालयों में चित्रकला, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com







**उदयपुर।** राज्य सरकार के निदेर्शानुसार 17 सितंबर से 18 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे विकसित भारत-जन सेवा अभियान के तहत उदयपुर जिले में विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल तथा अभियान के नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रीतम कुमार के निर्देशन में जिलेभर के विद्यालयों में अभियान से जुड़ी गतिविधियां संचालित हो रही हैं।

अभियान के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों में चित्रकला, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विकसित भारत को लेकर अपने सपनों, विचारों और कल्पनाओं को रचनात्मक अभिव्यक्ति दी। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों में देश के विकास, नागरिक जिम्मेदारियों और भविष्य के भारत को लेकर जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने कैनवास पर अपने सपनों के भारत की तस्वीर उकेरी। किसी चित्र में आधुनिक और आत्मनिर्भर भारत की झलक दिखाई दी तो किसी में स्वच्छ, शिक्षित, समृद्ध तथा पर्यावरण के प्रति जागरूक भारत की कल्पना को रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। बच्चों की रचनाओं में देश के विकास, नई तकनीक, शिक्षा, स्वच्छता और उज्ज्वल भविष्य को लेकर सकारात्मक सोच नजर आई। निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने विकसित भारत के संकल्प, देश के विकास, युवा शक्ति, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और नागरिकों की भूमिका जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यार्थियों ने अपने वक्तव्यों और लेखों के माध्यम से बताया कि विकसित भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षा, अनुशासन, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार नागरिक व्यवहार को देश की प्रगति का आधार बताया। विकसित भारत-जन सेवा अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न क्षेत्रों और वर्गों को जोड़ते हुए अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

# विकसित भारत जनसेवा अभियान के तहत नाहर ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर आयोजित






पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में एवं विकसित भारत जनसेवा अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित जनसेवा गतिविधियों की श्रृंखला में नाहर ब्लड सेंटर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 40 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा में अपना योगदान दिया।

**चिकित्सा अधीक्षक एवं जनरल मैनेजर ने रक्तदान कर किया शुभारंभ**

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारंभ नाहर हॉस्पिटल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मुकेश प्रजापत एवं जनरल मैनेजर फाइनेंस विकास दावे ने स्वयं रक्तदान कर किया। इस अवसर पर बीसीएमओ डॉ. दिनेश जाम्भाणी, पैथोलॉजिस्ट डॉ. कीर्ति चौधरी सहित नाहर हॉस्पिटल एवं नाहर ब्लड सेंटर के कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया।

**40 रक्तदाताओं ने किया मानव सेवा में योगदान**

शिविर में कुल 40 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। उपस्थित अतिथियों एवं नाहर हॉस्पिटल परिवार ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महान मानवीय सेवा है। रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। शिविर के सफल आयोजन में ब्लड बैंक इंचार्ज लवजीतसिंह, रमेश फुलवारिया, मोहनलाल एवं सुखराज का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। नाहर हॉस्पिटल एवं नाहर ब्लड सेंटर की ओर से सभी रक्तदाताओं, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तथा शिविर में सहयोग करने वाले कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया।

# सलूंबर जिले में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम, भबराना में जिला कलक्टर की अध्यक्षता में हुआ आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

सलूंबर। विकसित भारत-जन सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों पर गुरुवार को ह्यआशीर्वाद का दीयाह्ल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कार्मिकों, महिलाओं, किसानों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने दीप प्रज्वलित कर अभियान में सहभागिता निभाई।

ग्राम पंचायत भबराना में जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मुहम्मद जुनैद पी.पी. की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें बड़ी संख्या में किसान, ग्रामीणजन तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने दीप प्रज्वलित कर जनसेवा, सुशासन एवं विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की भावना के साथ अभियान में सहभागिता दर्ज कराई।




*विकसित भारत-जन सेवा अभियान के तहत किसान, ग्रामीणजन, महिलाएं और युवाओं ने की सहभागिता*

जिले के अन्य स्थानों पर भी आयोजित कार्यक्रमों में महिलाओं, युवाओं एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रमों के माध्यम से जनभागीदारी, सामाजिक समरसता तथा राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूत करने का संदेश दिया गया।

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता अभियान के प्रति जनविश्वास एवं जनसमर्थन का प्रतीक रही। अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विभिन्न गतिविधियों एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी व प्रकाशक : पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । सम्पादक : पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, मो. नं.: +91-95945-42679 / e-mail: padmavatmedia@gmail.com / Web: padmavatmedia.in / पंजीकृत संख्या : MH180326353 / (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।